## दिनांक 05 जून, 2026 को अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण) द्वारा सम्पादित कार्यो की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त

दिनांक 05 जून, 2026 को पूर्वान्ह 11.30 बजे अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण) द्वारा सम्पादित विभिन्न कार्यो की समीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा की गयी। समीक्षा के दौरान निम्नलिखित निर्देश दिये गयेः–

1– विगत बैठक में पेयजल योजनाओं को O&M में ले जाने के सम्बन्ध मे मे0 मेघा इंजी0इन्फ्रा0लि0 (फेज–2 व 3) द्वारा निर्धारित लक्ष्य 80 के सापेक्ष मात्र 09 पेयजल योजना तथा मे0 VSAIPPL-SCL (JV) (फेज–3) द्वारा 08 के सापेक्ष मात्र 01 नग पेयजल योजना अपलोड की जा सकी है, जबकि मे0 जैक्सन विश्वराज (जे0वी0) (फेज–5) द्वारा 04 के सापेक्ष एक भी पेयजल योजना को पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। शेष मेघा की 31, VSA की 07 एवं जैक्सन की 04 पेयजल योजना TPIL स्तर पर लम्बित है। निर्देशित किया गया सभी फर्म अगली बैठक से पूर्व लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत पेयजल योजनाओं को O&M में ले जाना सुनिश्चित करें।

2– निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से वार्ता शीघ्र ही विवाद को निस्तारित कराया जाय।

3– विगत बैठक में पेयजल योजनाओं पर चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की गयी। पुनः निर्देशित किया गया कि चोरी की घटना की तत्काल सम्बन्धित थाने में एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर इसकी सूचना अधिशाषी अभिन्ता, जलनिगम(ग्रामीण) को भी उपलब्ध कराया जाय।

4– सड़क पुर्नस्थापना के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत मुलाकात कर जिन ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष है, उनकी सूचना प्राप्त करते हुए यथाशीघ्र शत–प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाय।

5– शासन की मंशा के अनुरूप पेयजल योजना की RPWSS ID Creation का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जाय, जिससे योजनाओं पर धनावंटन प्राप्त हो सके।

6– पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, जिसके सम्बन्ध में कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया गया कि योजनाओं पर आवश्यकतानुसार मैन पावर उपलब्ध कराते हुए पेयजल योजनाओं को समयान्तर्गत पूर्ण करा लिया जाय।

7– निर्देशित किया गया कि ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए सभी संचालित पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतो के गुणवत्तापरक एवं समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

Digitally signed by
SARTHAK AGRAWAL
Date: 08-06-2026
13:36:54

(सार्थक अग्रवाल)
मुख्य विकास अधिकारी,
बस्ती।

### कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती।

पत्रांक 825/एस0टी0–सी/2026–27 दिनांक 08 जून, 2026

प्रतिलिपिः– अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण) बस्ती को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मुख्य विकास अधिकारी,
बस्ती।